आकाशवाणी चंडीगढ़

18 सितम्बर 2024, समय 1810

समाचार

- केंद्र सरकार ने देशभर में एक साथ चुनाव कराने के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को स्वीकार किया किया।
- केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा  कि वक्फ संशोधन विधेयक-2024 मुस्लिम समुदाय के कल्याण के लिए लाया गया है।
- कांग्रेस ने आज हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए  घोषणा पत्र जारी किया।
- 18 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को 2 हज़ार रुपये प्रति माह देने और परिवारों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने सहित कई लोक लुभावने वादे किए गए।
- हरियाणा में चुनाव प्रचार जोरो पर,आज कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह,पूर्व उप मुख्यमंत्री चंद्र मोहन सहित विभिन्न दलों के नेताओं ने लोगों से मिलकर समर्थन मांगा।

*******************************************************

केंद्र सरकार ने देशभर में एक साथ चुनाव कराने के लिए "एक राष्ट्र एक चुनाव" के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है। नई दिल्ली में आज संवाददाताओं से बातचीत में सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति राम

नाथ कोविन्द की अध्यक्षता में गठित समिति ने राजनीतिक दलों और विशेषज्ञों सहित हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि इसे दो चरणों में लागू किया जाएगा। श्री वैष्णव ने कहा कि पहले चरण में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होंगे, जबकि पंचायत और नगर पालिकाओं जैसे स्थानीय निकाय चुनाव आम चुनाव के सौ दिनों के भीतर कराए जाएंगे।श्री वैष्णव ने बताया कि सरकार ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए चंद्रयान-चतुर्थ मिशन और वीनस ऑर्बिटर मिशन को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि चंद्र मिशन के तहत चंद्रमा पर सफलतापूर्वक लैंडिंग के बाद पृथ्वी पर वापस आने की प्रौद्योगिकी विकसित की जाएगी। श्री वैष्णव ने बताया कि सरकार ने रबी सीजन 2024-25 के लिए फास्फेट और पोटाश उर्वरकों पर पोषण आधारित सब्सिडी देने को भी स्वीकृति दी है। इस पर 24 हजार करोड रुपये से अधिक राशि खर्च होगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य उपलब्ध कराने और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में उतार-चढाव पर नियंत्रण के लिए प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण योजना को जारी रखने को भी मंजूरी दी है।

*****************************************************

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि वक्फ संशोधन विधेयक-2024 मुस्लिम समुदाय के कल्याण के लिए लाया गया है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में श्री रिजिजू ने कहा कि इस विधेयक के माध्यम से सरकार, वक्फ संपत्तियों का वैज्ञानिक और पारदर्शी तरीके से पूरी जवाबदेही के साथ प्रबंधन सुनिश्चित करेगी।श्री रिजिजू ने कहा कि यह विधेयक जिस संयुक्त संसदीय समिति के विचार

के लिए भेजा गया है वह इस वर्ष शीतकालीन सत्र के पहले सप्ताह के अंतिम दिन तक अपनी रिपोर्ट सौंप देगी।

*******************************************************

चार दिवसीय 'वर्ल्ड फूड इंडिया 2024' कल से नई दिल्ली में शुरू होगा।केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने कहा कि इस आयोजन में 90 से अधिक देश, 26 राज्य और केंद्रशासित प्रदेश तथा 18 केंद्रीय मंत्रालय भाग लेंगे। जापान भागीदार देश होगा और वियतनाम और ईरान मुख्य देश के रूप में भाग लेंगे।यह कार्यक्रम मुख्यत खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में नवाचार, प्रौद्योगिकी और स्थिरता पर केन्द्रित रहेगा। यह आयोजन खाद्य प्रसंस्करण में एक वैश्विक शक्ति के रूप में भारत की उभरती भूमिका को उजागर करने का भी एक ऐतिहासिक अवसर है।

*******************************************************

कांग्रेस ने आज हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए अपना चुनावी घोषणापत्र जारी किया। पार्टी ने महिला सशक्तिकरण, सामाजिक सुरक्षा, युवा, गरीब, किसान, पिछड़े वर्ग और परिवारों पर केंद्रित सात गारंटियों की घोषणा की है। नई दिल्ली में घोषणा पत्र जारी करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा:-

उन्होंने कहा कि अगर हरियाणा में कांग्रेस सरकार सत्ता में आई तो विधवाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को 6,000 रुपये मासिक पेंशन दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया जाएगा व सरकारी विभागों में 2 लाख रिक्त पदों को भरा जाएगा और हरियाणा को नशा मुक्त बनाया जाएगा। श्री खड़गे ने परिवारों के लिए 25 लाख रुपये का मुफ्त इलाज और 300 यूनिट मुफ़्त बिजली तथा

न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी और तत्काल फसल मुआवजा दिए जाने की घोषणा भी की।कांग्रेस ने गरीब परिवारों को 100 गज के भूखंड और साढ़े तीन लाख रुपये की लागत वाले दो कमरों के मकान देने का भी वादा किया। श्री खड़गे ने जाति सर्वेक्षण कराने और क्रीमी लेयर की सीमा बढ़ाकर 10 लाख रुपये करने की भी घोषणा की।

*****************************************************

हरियाणा में चुनाव प्रचार जोरों पर है। आज भी विभिन्न राजनितिक दलों के उम्मीदवारों ने नुक्कड़ सभायें कर लोगों का समर्थन मांगा। कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज लाडवा के गांव संघोर व रामगढ़ व अन्य कई गांवों में नुक्कड़ सभाएं की । उनहोए गांव संघोर में लोगों को संबोधित करते हुए अपनी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी । श्री नायब सैनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास की नीति के साथ काम करती है। उनके साथ बी जे पी के जिला अध्यक्ष सुशील राणा , वरिष्ठ नेता धर्मवीर मिर्जापुर व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। लाडवा विधानसभा के विभिन्न गांवों में ग्राम वासियों से मुलाकात के दौरान कई लोग बी जे पी में शामिल हो गए।

*****************************************************

पंचकूला विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी एंव पूर्व उप मुख्यमंत्री चंद्र मोहन ने आज पंचकूला जिले के सेक्टर 21, बरवाला खंड के बिल्ला, जसवंतगढ़ आसरेवाली, बेलवाली, बुंग्गा, टिब्बी, सबीलपुर, खेतपुराली, दुल्लोपुर, रत्तेवाली, निचला भानु, भानु और मोगीनंद में जनसभाओं को सम्बोधित किया। उन्होंने लोगों से कांग्रेस की नीतियों को देखते हुए चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। चंद्रमोहन ने

कहा कि कांग्रेस गरीबों की पार्टी है और जो वादा करती है उसे पूरा करती है।श्री चंद्र मोहन ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में गरीब लोगों की जरूरतों  का पूरा ख्याल रखा गया है ।बरवाला खंड के गांव के जनसंपर्क अभियान के दौरान कई लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

*******************************************************

कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने आज थानेसर विधानसभा के गांव बारना व हंसला में लोगों को संबोधित किया और गांव बारना से बी जे पी नेता पवन शर्मा कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस प्रत्याशी अशोक अरोड़ा ने कहा कि उनका कांग्रेस में पूरा मान सम्मान दिया जाएगा।वहीं थानेसर विधानसभा में बी जे पी प्रत्याशी सुभाष सुधा ने आज सेक्टर 3 और 5 सहित गांव अभिमन्युपुर में जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान इनेलो नेता सुखबीर सिंह पार्टी छोड़कर बी जे पी में शामिल हो गए। निवर्तमान राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने उन्हें पार्टी में शामिल कराया । सुभाष सुधा आज गांव हथीरा में ट्रैक्टर रैली में शामिल हुए।

*******************************************************

हरियाणा के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज की कार्यप्रणाली से प्रभावित होकर आज गांव पंजोखरा साहिब और बाले का नगला क्षेत्र से सैकड़ों युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया।पूर्व मंत्री अनिल विज ने भारतीय जनता पार्टी के चुनावी कार्यालय में सभी युवाओं को पार्टी के पटके पहना कर उनका पार्टी में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि युवा पार्टी की रीढ़ है और  युवाओं के बी जे पी में शामिल होने से पार्टी को पहले से ज्यादा मजबूती मिलेगी। उन्होंने युवाओं से अपने-

अपने क्षेत्रों में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर डटकर प्रचार करने का आह्वान किया।

*******************************************************

कालका से बीजेपी प्रत्याशी शक्ति रानी शर्मा ने आज लबाना बस्ती नवांनगर में चुनाव प्रचार किया ।शक्ति रानी शर्मा ने कहा कि कालका के विकास के लिये अच्छे स्कूल, कॉलेज और अस्पताल सबसे ज़रूरी है । उन्होंने कहा कि कालका के लोगों के पास संसाधनों की कमी न हो इसके लिए वे काम करेंगी।

*******************************************************

भिवानी जिला के लोहारू विधानसभा क्षेत्र से बी जे पी प्रत्याशी जेपी दलाल ने आज हलके के अनेक गांव का दौरा किया। उन्होंने भूपेंद्र सिंह हुड्डा को निशाने पर लेते हुए कहा कि उनकी पार्टी टुकड़ों में बंटी हुई है। श्री दलाल ने प्रदेश में तीसरी बार बी जे पी सरकार बनने का दावा किया। पत्रकारों से बातचीत में श्री दलाल ने कहा किसानों के इस क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी की लहर है। उन्होंने कहा कि वह इस क्षेत्र में खजूर की खेती देखना चाहते हैं।

*******************************************************

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड-सीबीएसई की वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षाओं में भाग लेने वाले 9वीं और11वीं कक्षा के छात्रों का पंजीकरण आज से आरंभ शुरू हो गया है। सीबीएसईकी अधिसूचना के अनुसार पंजीकरण की अंतिम तिथि 16 अक्टूबर है। सीबीएसई से संबद्ध विद्यालय cbse.gov.in.परअपने छात्रों का पंजीकरण करवा सकते है। अधिसूचना में बताया गया है कि 2025-26सत्र में 10वीं और 12वींकी बोर्ड परीक्षा में वे सभी छात्र परीक्षा दे सकेंगे जिनका नाम और विवरण उनके स्कूलों

की ओर से दाखिल करा दिया गया है। स्कूलों को छात्रोंका विवरण दाखिल करने से पहले सीबीएसई पोर्टल पर खुद का भी पंजीकरण कराना होगा।